आई /772367/2024 संख्या-261/2024-004-21-9002(001)/2/2023-(-1)-9

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार,

अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी

विभूति खण्ड,गोमती नगर,
लखनऊ।

भाषा (उर्दू) अनुभाग-1 लखनऊ:दिनांक 17 अक्तूबर,2024

विषयः वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की योजनाओं के संचालनार्थ तृतीय किस्त की धनराशि वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय , फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी को उनकी योजनाओं एवं क्रियाकलापों के संचालनार्थ मानक मद सं०-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर-वेतन) चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 में प्रावधानित बजट रू० 72.00 लाख (रूपये बहत्तर लाख मात्र) के सापेक्ष तृतीय एवं अंतिम किस्त के रूप में रू० 27.00 लाख (रूपये सत्ताईस लाख मात्र) की धनराशि निम्नलिखित नियम व शर्तो / प्रतिबन्धों तथा दिशा निर्देशों के अधीन व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

नियम व शर्तें/प्रतिबन्धो

1- स्वीकृत की जा रही धनराशि फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी द्वारा कोषागार से एकमुश्त आहरित करने के बजाय आवश्यकतानुसार आहरित करके सक्षम अधिकारी की सहमति से व्यय कि जाएगी और कोषागार में प्रस्तुत किये गये बिल पर आहरण एवं वितरण अधिकारी,भाषा विभाग,उ०प्र० शासन द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा। उक्त स्वीकृत धनराशि को आहरित करके बैंक /पोस्ट आफिस में जमा नहीं किया जायेगा।

2- उक्त धनराशि का व्यय केवल अनुमोदित मद/योजनाओं पर किया जायेगा और इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य मदों/कार्यक्रमों पर व्यय न किया जाय तथा अवमुक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र दिनांक 15 अप्रैल,2025 तक शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

3- उपर्युक्त अनुदान पर वही नियम लागू होंगे जो वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के अध्याय-16-ए में दिये गये है। इसके अतिरिक्त वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सॅख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च ,2024 एव कार्यालय ज्ञाप सॅख्या 4/2024/बी-1-607/दस-2024-231/2024 दिनांक 19 जून ,2024 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उक्त के अतिरिक्त स्थायी मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा बजट मैनुअल का पालन भी सुनिश्चित किया जाये।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- प्रश्नगत स्वीकृति सचिव, फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी द्वारा द्वितीय किस्त की व्यय संबंधी उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है | यदि व्यय के सम्बन्ध मे कोई भ्रामक सूचना पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था का होगा |

5 - इस संबंध में होने वाले व्यय रू०27,00,000 (रूपये सत्ताईस लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक अनुदान सॅख्या-039 के लेखा शीर्षक-2202051020700-स्व० फखरूद्दीन अली अहमद स्मारक समिति को अनुदान मानक मद -20-सहायता अनुदान-सामान्य(गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा

6- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न अशासकीय संख्या- ई-7- 121 /दस -2024-25 दिनांक 17 अक्तूबर, 2024 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है |

भवदीय,

(जितेन्द्र कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-261/2024-004-21-9002(001)/2/2023-(-1)-9-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/ द्वित्तीय ,उ०प्र० प्रयागराज।

2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/ द्वित्तीय,उ०प्र० प्रयागराज।

3- निदेशक,स्थानीय निधि लेखा परीक्षा,उ०प्र० प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल के लेखों का सम्परीक्षण प्रतिवेदन शासन को यथासमय भेजने का कष्ट करें।

4- कोषाधिकारी,कलेक्ट्रेट ,लखनऊ।

5- आहरण एवं वितरण अधिकारी, ,(भाषा लेखा प्रकोष्ठ)भाषा विभाग,उ०प्र० शासन।

6- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी,उ०प्र० हिन्दी संस्थान,लखनऊ।

7- वित्त(व्यय-नियन्त्रण)अनुभाग-7/वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1

8 -भाषा (उर्दू)अनुभाग-4

9- नोडल अधिकारी (बजट अलाटमेंट) भाषा विभाग, ,उ०प्र० शासन।(श्री रतन दीप दीक्षित)

10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनय श्रीवास्तव)
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।